भूगोल

1. भूगोल : अर्थ एवं विषय क्षेत्र

1. 'भूगोल का जनक' किसे कहा जाता है?
(a) हेरोडोटस (b) एनेक्जीमेण्डर (c) इरैटोस्थनीज (d) हिकैटियस

2. भूगोल को एक अलग अध्ययन शास्त्र के रूप में स्थापित करने का श्रेय निम्न में से किस विद्वान को है?
(a) इरैटोस्थनीज (b) हिप्पार्कस (c) हिकैटियस (d) हेरोडोटस

3. भूगोल के लिए 'ज्योग्रैफिका' (Geographica) शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया?
(a) हिकैटियस (b) हेरोडोटस (c) इरैटोस्थनीज (d) एनेक्जीमेण्डर

4. 'ज्यॉग्राफी' (Geography) के शाब्दिक अर्थ के आधार पर भूगोल की परिभाषा की गई है—
(a) भूगोल वह विज्ञान है जो पृथ्वी के धरातल का अध्ययन करता है।
(b) भूगोल वह विज्ञान है जो पृथ्वी तथा मानव के अन्तर्सम्बन्धों का अध्ययन करता है।
(c) भूगोल वह विज्ञान है जो मानवीय एवं प्राकृतिक विषमता का अध्ययन करता है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

5. 'भूगोल पृथ्वी को केन्द्र मानकर अध्ययन करने वाला विज्ञान है', किसने कहा था?
(a) टॉलमी (b) काण्ट (c) वारेनियस (d) टेलर

6. 'भूगोल भूतल का अध्ययन है'—किसने कहा था?
(a) टॉलमी (b) काण्ट (c) वारेनियस (d) हम्बोल्ट

7. भौगोलिक विचारधाराओं में 'नवनियतिवाद' की विचारधारा का प्रवर्तक कौन है?
(a) फ्रैडरिक रैटजेल (b) ग्रिफिथ टेलर
(c) फेब्रे (d) विडाल-डि-ला-ब्लॉश

8. 'वर्तमान भूत की कुंजी है' कथन किस विद्वान का है?
(a) डटन (b) जेम्स हट्टन (c) डेविस (d) वाल्टर पेंक

9. 'स्थलरूप संरचना, प्रक्रम तथा अवस्था का प्रतिफल होता है' कथन किसका है?
(a) वाल्टर पेंक (b) डब्ल्यू० एम० डेविस
(c) एल० सी० किंग (d) पेल्टियर

10. 'यदि इतिहास' कब का वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करता है तो भूगोल 'कहाँ' (where) का वैज्ञानिक एवं तार्किक अध्ययन है' कथन निम्नलिखित में से किस विद्वान का है?
(a) कार्ल सावर (b) एन० जे० स्पाइकमैन
(c) एच० जे० मैकिण्डर (d) डी० एच० ह्विटिल्सी

11. भू-आकृति विज्ञान (Geomorphology) का जन्मदाता किसे माना जाता है?
(a) डेविस (b) पेशेल (c) पेंक (d) हट्टन

12. 'रुको और जाओ नियतिवाद' (Stop and Go Determinism) की विचारधारा के प्रतिपादक कौन हैं?
(a) ए० जे० हरबर्टसन (b) जॉर्ज़ टैथम
(c) हार्टशोर्न (d) ग्रिफिथ टेलर

13. भूगोल को 'मानव पारिस्थितिकी' के रूप में परिभाषित करने वाला विद्वान कौन है?
(a) विडाल डि-ला-ब्लॉश (b) जीन ब्रून्श
(c) हेटनर (d) एच० एच० बैरोज

14. गणितीय भूगोल का प्रारम्भकर्ता निम्न में से कौन है?
(a) थेल्स (b) टॉलमी (c) स्ट्रेबो (d) थियोफ्रेस्टस

15. 'चूँकि मानव पृथ्वी पर निवास करता है, अतः पृथ्वी पर निर्भर है' कथन किसका है?
(a) फैब्रे (b) ब्लॉश (c) सेम्पुल (d) जीन ब्रून्श

16. 'क्षेत्रीय भूगोल' (Regional Geography) का पिता निम्न में से किस भूगोलवेत्ता को कहा जाता है?
(a) कार्ल रिटर (b) एच० जे० हरबर्टसन
(c) फ्रैडरिक रैटजेल (d) हम्बोल्ट

17. 'मानव भूगोल का संस्थापक' निम्न में से किसको कहा जाता है?
(a) ब्लॉश (b) हम्बोल्ट (c) कार्ल रिटर (d) जीन ब्रून्श

18. 'मानव भूगोल अस्थायी पृथ्वी एवं चंचल मानव के पारस्परिक परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।' कथन किसका है?
(a) ब्लॉश (b) हण्टिंगटन (c) कु० सेम्पुल (d) हम्बोल्ट